पदार्थों के दुरुपयोग और इनके अवैध व्यापार के विरुद्ध दिवस
26 जून
ड्रग्स को ना, जीवन को हाँ।
स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, जोधपुर क्षैत्रिय इकाई, जोधपुर (राज.)
NCC
FREE

नशीले पदार्थो के दुरूपयोग और इनके अवैध व्यापार के विरुद्ध दिवस
26 जून
ड्रग्स को ना, जीवन को हाँ।
स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, जोधपुर क्षैत्रिय इकाई, जोधपुर (राज.)

स्वच्छता महारैली
स्वच्छ भारत,
स्वस्थ भारत
Clean India,
Healthy India

6 राज. बटालियन एन.सी.सी. जोधपुर



महानिदशेक एनसीसी ने जोधपुर संभाग का दौरा किया

नवज्योति/जोधपुर।

ले. जनरल विनोद वशिष्ठ, एवीएसएम, वीएसएम, एडीसी, महानिदेशक एनसीसी ने हाल ही में जोधपुर संभाग का दौरा किया। महानिदेशक एनसीसी के जोधपुर दौरे के दौरान उप महानिदेशक एनसीसी राजस्थान एवं ग्रुप कमाण्डर, एनसीसी ग्रुप, जोधपुर ने वर्ष 2017 के दौरान होने वाली एनसीसी गतिविधियों एवं सीमान्त क्षेत्र में एनसीसी गतिविधियां के संचालन संबंधी जानकारियों से अवगत कराया। महानिदेशक एनसीसी ने एनसीसी ग्रुप कमाण्डर, जोधपुर के साथ जैसलमेर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सीमान्त क्षेत्र के एसबीके कॉलेज, जैसलमेर के एनसीसी कैडेटों को सम्बोधित किया। उन्हें एनसीसी गतिविधियों से संबंधित जानकारियां देकर प्रोत्साहित किया गया। महानिदेशक के सम्बोधन के दौरान एनसीसी कैडेटों द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि एनसीसी गतिविधयों से युवाओं में नेतृत्व, एकता, अनुशासन एवं आत्मरक्षा की भावनाओं की जाग्रति बढ़ी है। महानिदेशक ने इस दौरान वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण किया एवं वर्ष 2017 में जैसलमेर में प्रस्तावित अन्तरराष्ट्रीय केमल सफारी कैम्प एवं विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर स्थल का निरीक्षण भी किया।

महानिदेशक एनसीसी ने दौरे के अन्तिम दिन एमबीएम इन्जी. कॉलेज, जोधपुर में जयनारायण व्यास विष्वविद्यालय के कुलपति, उपमहानिदेशक एनसीसी राजस्थान, ग्रुप कमांडर एनसीसी, ग्रुप मुख्यालय के अधिकारियों, एनसीसी इकाइयों के कमान अधिकारियों, संकायों के प्रतिनिधियों, एनसीसी अधिकारियों एवं एनसीसी के कर्मचारियों की उपस्थिति में एनसीसी कैडेटों को सम्बोधित किया गया। उन्हें संदेश दिया गया कि एनसीसी गतिविधियों उनकी शारीरिक एवं मानसिक स्थितियों को बढ़ावा मिलेगा जिससे उनका भविष्य उज्जवल होगा।